# केन्द्रीय विद्यालय, खम्मम

# निर्माणात्मक आकलन - १

# सत्र : २०१५ -२०१६

**कक्षा : सातवीं** **समय : डेढ़ घण्टे (९० मिनट)**

**विषय : हिन्दी** **पूर्णांक : ४०**

---

**निर्देश : (क) इस प्रश्न पत्र के चार खण्ड हैं - क,ख,ग और घ ।**

**(ख) चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।**

**(ग) यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।**

## खण्ड - क

**प्र.१ निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । ४ अंक**

आज ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार धीरे-धीरे कम हो रहे हैं । रोजगार के लिए गाँव के लोग शहरों की तरफ पलायन कर रहे हैं । इससे शहरीकरण की समस्या बढ़ रही है, साथ ही गाँव की सादगी, संस्कृति और पहचान खोती नजर आ रही है । शहर व गाँव के रहन-सहन में काफी अंतर है । कुटीर उद्योग को बढ़ावा देकर व स्वरोजगार के साधन उपलब्ध कराकर यह समस्या दूर की जा सकती है ।

**प्रश्न :** १) आज किस क्षेत्र में रोजगार कम हो रहा है ?

(क) शहरी (ख) ग्रामीण (ग) विदेश (घ) देश |

२) गाँव के कौनसे मूल्य आज खोते जा रहे हैं ?

३) शहरीकरण को कैसे रोका जा सकता है ?

४) ‘ रोजगार ’ शब्द का विलोम शब्द लिखिए ?

(क) कमाई (ख) धन (ग) लालस (घ) बेरोजगार |

**<u>प्र.२ निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।</u>** **४ अंक**

श्वानों को मिलता भोजन
भूखे बच्चे अकुलाते है,
जाड़े की रात बिताते है माँ की गोद में
चिपक-चिपक कर,
रोटी के लिए पेट और पीठ एक है
श्वान भी अड़े है रोटी झपटने को
हाय ! धिक्कार ऐसा भी जीवन,
जिसमें शीतल झोंका न हो पवन का
चिंता है न धर्म, न कर्म की, बस है तो मर्म की ।

**प्रश्न :** १) कविता के अनुसार किसको भोजन मिलता है ?

(क) श्वानों को (ख) बिल्ली को (ग) हाथी को (घ) शेर को

२) जाड़े की रात माँ की गोद में कौन बिताते हैं ?

(क) अमीर बच्चे (ख) भूखे बच्चे (ग) गरीब बच्चे (घ) छोटे बच्चे

३) 'श्वान' शब्द का अर्थ लिखिए ?

(क) गाय (ख) हाथी (ग) कुत्ता (घ) मुर्गा

४) 'रात' शब्द का विलोम शब्द लिखिए ?

(क) दो पहर (ख) अंधेरा (ग) शाम (घ) दिन

**खण्ड - ख (व्यावहारिक व्याकरण) १० अंक**

**<u>प्र.३) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।</u>**

**क) निम्नलिखित शब्दों में गुण्वाचक विशेषण छाँटकर लिखिए ।** **१ अंक**

१. पुलकित पंख, कटुक निबौरी

**ख)** राजा-रानी, माँ-बाप का **विग्रह करके समास** का नाम लिखिए । **१ अंक**

**ग) विशेषण-विशेष्य के जोड़े बनाइए ।** **२ अंक**

| | |
|---|---|
| मूसलधार | जंगल |
| संभ्रात | वर्षा |
| घना | महिला |
| समतल | आँगन |

**घ) " याद को उलटा लिखने से दया होता है।"** वैसे ही निम्न शब्दों को **उलटा करके संज्ञा का नाम** भी लिखिए । **२ अंक**

१. धारा - २. नव -

**ङ) निम्न शब्दों को बहुवचन में लिखिए । १ अंक**

१. रात २. आँख

**च) निम्न शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । २ अंक**

१. शिक्षक २. धरती

**छ) निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । १ अंक**

१. आगे * २. अनुकूल *

**खण्ड - ग**

**प्र.४) निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । ४ अंक**

सिंधु और ब्रह्मपुत्र - ये दो ऐसे नाम हैं जिनके सुनते ही रावी, सतलुज, व्यास, चनाब, झेलम, काबुल (कुभा), कपिशा,गंगा,यमुना, सरयु, गंडक, कोसी आदि हिमालय की छोटी-बड़ी सभी बेटियाँ आँखों के सामने नाचने लगते हैं । वास्तव में सिंधु और ब्रह्मपुत्र स्वयं कुछ नहीं हैं । दयालु हिमालय के पिघले हुए दिल की एक-एक बूँद न जाने कब से इकट्ठा हो-होकर इन दो महानदों के रूप में समुद्र की ओर प्रवाहित होती रही है ।

**प्रश्न :** १) गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम इनमें से कौन-सा है ?

(क) दादी माँ - शिवप्रसाद सिंह (ख) हिमालय की नदियाँ - नागार्जुन

(ग) हिमालय और हम - नागार्जुन (घ) हिमालय की बेटियाँ - नागार्जुन ।

२) किन नामों को सुनते ही हिमालय से निकलने वाली अन्य नदियों की याद आ जाती है?

(क) व्यास और चनाब (ख) गंगा और यमुना

(ग) सिंधु और ब्रह्मपुत्र (घ) सिंधु और गंडक ।

३) गद्यांश में महानद किसे कहा गया है ?

(क) गंगा और यमुना को (ख) सिंधु और ब्रह्मपुत्र को

(ग) सरयु और गंडक को (घ) झेलम और कपिशा को ।

४) हिमालय के पिघले हुए दिल की एक-एक बूँद अंततः कहाँ मिल जाती है ?

(क) नदियों में (ख) समुद्र में (ग) पहाड़ियों में (घ) मैदानों में ।

**प्र.५) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए । २*३=६ अंक**

क) हर तरह की सुख सुविधाएँ पाकर भी पक्षी पिंजरे में बंद क्यो नहीं रहना चाहते ?

ख) दादी माँ के स्वभाव का कौन सा पक्ष आपको सबसे अच्छा लगता है और क्यों ?

ग) हिमालय की यात्रा में लेखक ने किन-किन की प्रशंसा की है ?

घ) मिठाईवाला अलग-अलग चीज़ें क्यों बेचता था और वह महीनों बाद क्यों आता था ?

ङ) कठपुतली को गुस्सा क्यों आया ?

**प्र.६) निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** **४ अंक**

हम पंछी उन्मुक्त गगन के
पिंजरबध्द न गा पाएँगे,
कनक-तीलियों से टकराकर
पुलकित पंख टूट जाएँगे ।

हम बहता जल पीनेवाले
मर जाएँगे भूखे-प्यासे,
कहीं भली है कटुक निबौरी
कनक-कटौरी की मैदा से।

**प्रश्न.** १) कवि और कविता का नाम लिखिए ।

२) पक्षी क्या पीना पसंद करते हैं ?

३) पक्षियों को क्या खाना सबसे अच्छा लगता है ?

४) 'भूखे-प्यासे' में प्रयुक्त समास का नाम लिखिए ? (या) 'निबौरी' शब्द का अर्थ लिखिए ?

**प्र.७) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** **४ अंक**

१) महाभारत की कथा के रचनाकार कौन है ?

२) गंगा ने कितने पुत्रों को नदी की बहती धारा में फेंक दिया था ?

३) आजीवन ब्रह्मचारी रहने की प्रतिज्ञा किसने ली ?

४) पांडव कितने भाई थे, उनके नाम लिखिए ?

५) सूर्य-पुत्र कर्ण का पालन-पोषण किसने किया ?

६) पांडु की कितनी रानियाँ थीं ? उनके नाम लिखिए ?

**खण्ड - घ (लेखन )** **४ अंक**

**प्र.८) किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए ।**

क) नदियों की उपयोगिता (ख) दादी माँ (ग) हिमालय

**(अथवा)**

बीमारी के कारण दो दिन का अवकाश माँगते हुए प्राचार्य को पत्र लिखिए ।

**************